# यूटीयू की सेमेस्टर परीक्षाएं नौ जून से होंगी

**देहरादून, वरिष्ठ संवाददाता।** वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) की विभिन्न इंजीनियरिंग, फार्मेसी, मैनेजमेंट, होटल मैनेजमेंट, विधि पाठ्यक्रम की सेमेस्टर और डीफार्मा की वार्षिक परीक्षाएं नौ जून से होंगी। इसके लिए राज्यभर में 51 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। शनिवार को इस बाबत आयोजित ऑनलाइन बैठक में कुलपति डॉ. ओंकार सिंह ने सभी केंद्र सुपरिंटेंडेंट, पर्यवेक्षक, संबद्ध संस्थानों के निदेशकों को नकलविहीन परीक्षाएं कराने के निर्देश दिए। यह परीक्षाएं कुमाऊं रीजन, देहरादून रीजन और रुड़की रीजन में बनाए गए 51 केंद्रों पर होंगी। प्रत्येक जोन में तीन सदस्यीय एक-एक फ्लाइंग स्क्वॉड भी गठित की गई है। कुलपति ने सबको सजग रहने के साथ गड़बड़ी करने वालों पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। प्रश्न-पत्रों को पासवर्ड सहित ऑनलाइन भेजने की विगत व्यवस्था को यथावत रखा गया है। इन परीक्षाओं का संपूर्ण विवरण जैसे- उत्तर पुस्तिकाएं, कक्ष निरीक्षक और केंद्र अध्यक्ष को परीक्षा अवधि में डिजिटल दर्ज करना होगा। पहली पाली में सुबह साढ़े नौ बजे और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर डेढ़ बजे से शुरू होगी।